प्रेषक

ओम प्रकाश तिवारी
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन ।

सेवा में,

मुख्य विकास अधिकारी
कानपुर नगर।

ग्राम्य विकास अनुभाग-9 **लखनऊ : दिनांक- 30 मार्च, 2015**

विषय- विधान मण्डल के दोनों सदनों के मा0 सदस्यों को अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास कार्यों हेतु विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के अन्तर्गत् वित्तीय वर्ष 2014-15 की धनराशि अवमुक्त किये जाने हेतु।

महोदय,

उपर्युक्त विषय में परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, कानपुर नगर के पत्र संख्या-1565/वि0नि0/बजट/2014-15, दिनांक-20.03.2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शासनादेश संख्या-637/अड़तीस-9-2014-02(बजट)/2013, दिनांक-31.07.2014 से संलग्न सूची **"ब"** के क्रम संख्या-39 पर अंकित श्री जगेन्द्र स्वरूप मा0 सदस्य, विधान परिषद के आकस्मिक निधन दिनांक-30.07.2014 को होने के फलस्वरूप रिक्त विधान परिषद की सीट पर मध्यावधि चुनाव द्वारा मा0 विधान परिषद सदस्य के रूप में श्री अरूण पाठक के निर्वाचन के दृष्टिगत आवंटित धनराशि को नव-निर्वाचित सदस्य के नाम से आहरित करने की अनुमति मांगी गयी है, जिसके क्रम में शासनादेश संख्या-637/अड़तीस-9-2014-02(बजट)/2013, दिनांक-31.07.2014 से संलग्न सूची **"ब"** के क्रम संख्या-39 को निम्न तालिका के अनुसार संशोधित किये जाने का मुझे निदेश हुआ है:-

सूची "ब" का क्र0सं0	विधान परिषद सदस्य का नाम	निर्वाचन क्षेत्र का नाम	नोडल जनपद का नाम	अवमुक्त धनराशि (लाख रू0 में)
1	2	3	4	5
39	श्री अरूण पाठक	कानपुर डिवीजन स्नातक	कानपुर नगर	100.00

2- उपरोक्त संशोधन के फलस्वरूप तालिका के कालम-2 में अंकित मा0 सदस्य, विधान परिषद का नाम श्री जगेन्द्र स्वरूप के स्थान पर श्री अरूण पाठक पढ़ा जायेगा तथा उक्त के अनुसार विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजना के अन्तर्गत अवमुक्त की गयी धनराशि का व्यय किया जायेगा।

-2/

http://shasanadesh.up.nic.in

3- तदनुसार उक्त शासनादेश दिनांक-31.07.2014 को इस सीमा तक संशोधित समझा जाय। कृपया तदनुसार कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय

ओम प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

संख्या- 12/2015/279 (1) / अड़तीस -9-2015, तद दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा एवं परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3- मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी।
4- प्रमुख सचिव, संसदीय कार्य विभाग, उ0प्र0 शासन ।
5- प्रमुख सचिव, विधान परिषद सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ।
6- आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 लखनऊ।
7- अपर आयुक्त, (लेखा), ग्राम्य विकास, उ0प्र0 लखनऊ।
8- जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, कानुपर नगर।
9- परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, कानपुर नगर को उनके पत्रांक-1565/वि0नि0/बजट/2014-15, दिनांक-20.03.2015 के संदर्भ में।
10- गार्डबुक।

आज्ञा से,

ओम प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in